इन अंतिम दिनों में परमेश्वर की आवाज

निश्चय ही आज सुबह इन स्पेनिश लोगो के बीच वापस आना एक सौभाग्य है । और में सोचता हूँ, भाई जिम इसे सुन रहे है । ओह, वो रिकार्डिंग कर रहे है । मेरे पास अब भी वो छोटे स्पेनिश झुण्ड का बनाया हुआ रिकार्ड है, जब मैं पहले यहाँ भाई ग्रासिया के साथ था। और मैं उस छोटे से गीत को भूल गया, जिसे वे हमेशा ही मेरे लिए गाते थे। लेकिन, ओह, मैंने उसे कितना पसंद किया! और वे सारे बच्चे अब बड़े हो गए है और उनका विवाह हो गया है । मैं उन्हें अब सुनता हूँ और तब भी सुना । मैं आज सुबह चलकर आया और छोटे जोसफ को देखा, और अब इसने मेरे लिए सचमुच में कुछ तो किया है और मैं निश्चय ही तुम्हे देखकर खुश था।

2 और, अब, मुझे एक शब्द मिला है, जिसे मैं स्पेनिश में बोल सकता हूँ । क्या आप इसे सुनना चाहेंगे? “हाल्लेलुया!” मैं इस शब्द को कभी नहीं भूलूंगा । मैं कोशिश कर रहा था, एक बहरी स्त्री मुझे एक बार सुन ले । अब, मैं कह सकता हूँ यह सब गलत है, आप देखना, लेकिन मुझे अच्छी तरह से याद है, यह था “ओए।” यह सही है? मुझे *सुन* रहे हो, *सुन* रहे हो, “ओए।” और फिर इस शब्द को कभी नही भुला, “ग्लोरिया अ डियोस!” बहुत ही अद्भूत! ओह, मुझे वहाँ राजधानी, मेक्सिको शहर में जाने का सौभाग्य मिला था, कि जाकर उनके साथ वहां बात करूँ । मैं कितना खुश था! और मैं हमेशा ही...

3 मैं फ़िनलैंड में था, इसके बाद मैं यहाँ पर था । और हमेशा उस छोटी फिन्निश स्त्री से बात करने के लिए याद दिलाते है । वे मुझे वहां लेकर गए वे जिसे एक “बेथनी” कहते है । हर एक राष्ट्र के पास अपने खुद के विचार होते है । (क्या आप गूंजती आवाज को सुन पा रहे है, क्या मैं माइक के बहुत ही नजदीक हूँ? क्या आप सुन सकते है, तो ठीक है, यह कैसा है?) वो छोटी महिला, वो एक छोटी प्यारी लड़की थी। लेकिन वो मेरे जैसी ही थी, उसे बहुत सारी बातें करना अच्छा लगता था। और अनुवाद करने वाला... वो बहुत तेजी से बोलती थी, और—और अनुवादक इतना तेजी से नही बोल सकता था कि वो क्या कहना चाहती थी । और वो खड़ी होती

और उसका चहेरा लाल हो जाता, उसने कहा, “मैंने इसे उन लोगो के लिए लिया है, जो बाबुल में है।”

4 लेकिन, आप जानते है, मैंने ध्यान दिया है कि वे—वे सारे पक्षी सब इंग्लिश में गाते है, कुत्ते इंग्लिश में भोंकते है, बच्चे इंग्लिश में रोते है। मैं सोचता हूँ जो कुछ भी हो, हमारे साथ क्या मामला है। लेकिन हम में से हर एक जन सोचता है की हमारी – हमारी भाषा सहस्त्राब्दी की भाषा होगी, निश्चय ही होगी। लेकिन उनकी जिन्होंने पवित्र आत्मा को पाया है, ये सही है, क्योंकि हमारे पास स्वर्गीय भाषा है।

5 हमारे साथ आज सुबह यहाँ भाई रोवे है, जो एक वाशिंगटन के राजनीतिज्ञ है। मैं सोचता हूँ उन्होंने पांच या छ: राष्ट्रपतियो के नीचे काम किया है, सात राष्ट्रपतियो के नीचे। और आप जानते है मैं इस मंच पर यहाँ खड़ा होकर कैसा महसूस कर रहा हूँ, एक इस तरह के व्यक्ति के साथ बात करना, जो मेरे पीछे बैठे हुए है। लेकिन उनकी एक गवाही हमेशा ही मेरे लिए बहुत ही विशेष रही है, विशेषकर जब वे... मै सोचता हूँ वो लूथरन थे, यदि मैं गलती नहीं कर रहा हूँ तो, कैथोलिक या लूथरन, लूथरन। और उसने कहा, वो... पेंतेकोस्टल सभा में, कुछ तो टेंट के अन्दर रेंगते हुए जाने के बारे में कहा, और वे पहूँच गए... अंत में उन्होंने वेदी के लिए मार्ग को बना ही लिया, और, जब उन्होंने ऐसा किया, प्रभु नीचे उस पर उतर आया और उसे इतनी आशीष दी कि... मैं सोचता हूँ वो लगभग सात विभिन्न भाषाओ में बोल सकते थे। और कहा था, उसने एक भाषा बोलने की कोशिश की, “इसने काम नहीं किया,” फिर दूसरी भाषा की कोशिश की, “इसने काम नही किया।” और मुझे लगा वो स्पेनिश बोल सकते है जैसे आप सब बोलते है। तो उसने–उसने उनमें से सारी भाषाओ की कोशिश की और इसने काम नही किया। और, देखना, जानते है क्या, परमेश्वर बहुत ही भला था, वो नीचे आता है और उसे एक भाषा को देता है, जिसकी उसने पहले कभी कोशिश नही की थी, कहा, “ये भाषा काम करती है!” यह सही है। मैं सोचता हूँ, उस ओर ये इसी तरह से होगा।

6 उस छोटी कलीसिया की बहुत सी यादों को मैंने अपने ह्रदय में रखा है, मैं इसे सोचता हूँ... ओह, मैं भूल गया यह कहाँ पर है। यह यहीं कहीं वहां टोंटो मार्ग के नजदीक है। और मुझे ये याद है। मैं “टोंटो मार्ग” शब्द को सोच सकता हूँ, जहाँ स्पेनिश अपोस्तोलिक कलीसिया हुआ करती थी।

7 मैं पास्टर से कह रहा था, “यह एक बेदारी होने के लिए एक बहुत बड़ा स्थान होगा।” बहुत सारे कमरे, नयी कलीसिया, अच्छे लोग। इसलिए मैं सोचता हूँ यह किसी दिन एक बेदारी होने के मार्ग में है । आप बेदारी के होने के लिए प्रार्थना करे । अब, मैं आशा करता हूँ, यह उसका फिर से दोहराना है, जो हमारे पास वहां पर दूसरी कलीसिया में था। मुझे याद है यार्ड में खड़े होकर बाड़े पर झुका हुआ, उन सडको को ऊपर और नीचे, एक रात के लिए वहां रहने की कोशिश कर रहा था, यह सच में एक रोमांचक था जिसे मैं कभी नहीं भुला हूँ । और मुझे एक—एक छोटी महिला का रिकार्ड मिला, जो उस युवती और उन भाइयों ने गाकर और एक रिकार्ड को बनाया । और उन्होंने गाने की कोशिश की होगी “केवल विश्वास करो,” और उन्होंने इसे ठीक से नही पकड़ा, आप जानते है ।वे “केवल विश्वास करो,” के बजाये “येओंका विश्वास करो,” कहते थे, देखा ।

8 और मुझे याद है रिबिका, मेरी बेटी, सारह, और वे अब भी ऐसा कहती है, “डैडी, गाओ, उस छोटे से रिकॉर्ड को चलाओ”... ” स्पेनिश “कहने के बजाए, वे शब्द को नहीं बोल पाती है, कहा, “वो छोटी स्पेनिश लड़कियां, छोटी स्पेनिश लड़कियां गा रही है “केवल विश्वास करो।”

9 तो ठीक है, मुझे याद है उन्होंने सभा का अनुकरण किया, तब बेदारी जारी थी, और उन्होंने वहां से होते हुए पश्चिम दिशा तक सभा का अनुकरण किया। और मुझे... एक छोटी बात मेरे ह्रदय में लंगर किये हुए थी, जब हमने कैलिफ़ोर्निया को छोड़ा, भाई मूरे और मैं, भाई ब्राउन, वहां ऊपर संसद भवन की ओर। जब मैं उस रात उस ईमारत से नीचे गया, वे बच्चे वहां खड़े होकर ये गा रहे थे, “वो आपका ध्यान रखता है।” अपने इसे सुना है “। सूर्य का प्रकाश हो या अंधकार हो उसमें से होते हुए, वो आपका ध्यान रखता है।” बहुत सी बार विदेशो में, संसार के लड़ाई के युद्ध मैदान पर, मसीह के सन्देश को लेने की कोशिश करते है, मुझे याद है, वे लड़कियां और लड़के उस गीत को मेरे लिए गा रहे थे, “वो आपका ध्यान रखता है, सूर्य का प्रकाश या अंधकार हो उसमें से होते हुए, वो अब भी आपका ध्यान रखता है।” इसलिए यह महान प्रेरणा, एक मदद रही है ।

10 आपके अच्छे पास्टर से मुलाकात करके, और यह देखकर बहुत खुश हूँ कि कलीसिया जीवित है आपके पास यहाँ पर यह सुन्दर ईमारत है, सब बैठे हुए है, गाडियों के लिए बहुत ही स्थान है । पवित्र आत्मा के हाथो में

एक सच्चे स्थान के जैसे, यदि केवल हम इसे देखने और जानने के लिए उसे समझ सकते है, हम एक बेदारी को बुला रहे है । वो, मैं विश्वास करता हूँ वो एक बेदारी को भेज देगा।

11 अब, आज रात वहां दुसरी ओर भाई आउटलॉ के कलीसिया में होंगे, जो येशु के नाम की कलीसिया है । और भाई आउटलॉ, मैं विश्वास करता हूँ... जो प्रेरितो की कलीसिया है। मैं सोचता हूँ वो उस कलीसिया को येशु का नाम करके बुलाते है । मैं सोचता हूँ वो विश्वास में प्रेरित है । तो आज रात हम वहां पर होंगे। और अब हम स्पेनिश कलीसिया से नहीं कह रहे है, “अब आप उधर आए, “क्योंकि आप अपने कार्य के पद पर है । और फिर क्रिस्चियन बिसनेस मेन की एक रैली होने जा रही है, जो गुरुवार को आरंभ होगी, दुसरे कलीसियाओ की सभाए समाप्त होने के बाद, गुरुवार को । और इस कन्वेंशन में उनके पास प्रमुख बोलनेवाले होंगे, और वे है ओरल रोबर्ट, और कुछ मेथडिस्ट भाई जिन्होंने अभी उद्धार पाया है, और वे दावा करते है कि वो एक प्रभावशाली प्रचारक है । और मुझे पक्का है आप इन कन्वेंशनो का आनंद लेंगे । और आप युवा बच्चो के लिए उन्होंने वहां रैली को भी रखा है, जैसे भाई ने अभी घोषणा की, और मैं अपने बच्चो को वहां भेजूंगा इसलिए की वे वहां इसमें जा सकते है। और इसलिए वहां पर आए, हमे आपके वहां होने पर ख़ुशी होगी । परमेश्वर आप सबको आशीष दे ।

12 और अब मैं बाइबल के पन्नो को पलटना चाहता हूँ और उसके कुछ आशीषित वचन को पढूंगा। और जिसे मैंने आज सुबह के लिए चुना है, थोड़े समय के लिए, मैं आपको ज्यादा समय तक रोक कर नहीं रखना चाहता हूँ, कुछ वचन, और उसमे से एक पहला शमूएल से है और दुसरा यशायाह से है। और मैं पहले यशायाह से पढना चाहता हूँ। और मैं...

13 क्या आप हर कही पर ठीक से सुन पा रहे हो? इन माइक के बीच में, वे मुझे बहुत ही नाजुक दिखाई देते है, मैं नहीं जानता क्यों । आप वहां ठीक से सुन सकते है, आप अपने हाथ को उठाये। अच्छी बात है, अच्छी बात है ।

14 अब मेरी आवाज़ थोड़ी सी फटी हुई है, निश्चय ही यह ज्यादा बोलने से है । और जब मैं पहले यहाँ इस स्पेनिश भाई के साथ, लगभग सोलह वर्ष पहले आया था, मैं सोचता हूँ लगभग सोलह या सत्रह वर्ष पहले, तो

मैं तब से प्रचार कर रहा हूँ । तो तब मैं थक गया था, मैंने कहा, मैं अब भी थका हुआ हूँ । लेकिन मैं अब भी परमेश्वर के अनुग्रह के द्वारा आगे बढ़ रहा हूँ ।

15 अब यशायाह 40 को खोलेंगे, यशायाह का 40 वा अध्याय; और पहला शमूएल का तीसरा अध्याय । और जब हमने वचन के उन स्थानो को पढने के लिए खोला है, मैं चाहता हूँ कि हम अपने सरो को, कुछ समय की प्रार्थना के लिए झुकाए ।

16 हमारे स्वर्गीय पिता, हम आज आभारी है कि आपने इस सुन्दर ईमारत में खड़े रहने का यह सौभाग्य दिया, जो परमेश्वर को उसके काम के लिए समर्पित है । और हम जानते है जो आपके दास यहाँ इस मंच या पुलपिट के पीछे बहुत बार खड़े हुए है, और आपकी सेवा के लिए एक समर्पित जीवन के साथ है ।

17 और जो *इसे*, इस सुबह यादों को वापस लाते है, उन बेदारी की यादो को जिसकी हाल ही में पवित्र आत्मा के साथ शुरुवात हुई थी, जो एक बड़े प्रकाश के रूप में, एक अग्नि के खम्भे की नाई नीचे उतर कर आया, और इसने कहा कि सन्देश पृथ्वी पर फैल जायेगा । और अब आज यह इतिहास है । और इसे देखने के बाद सन्देश ने इन व्यक्तियों के जरिये से आग को लगा चूका है, जैसे ओरल रोबर्ट और टॉमी ओस्बोर्न, और टॉमी हिक्स और बहुत से और भी है । और उन प्रयासों के जरिये से जो हमने एक साथ मिलकर किये है, हम देखते है सन्देश ने आकाश के नीचे हर एक राष्ट्र में आग को लगा चूका है, जो पेंतिकोस्टल का सन्देश है । इसके लिए हम आपको धन्यवाद देते है और आपकी स्तुती करते है, ओ सामर्थी परमेश्वर।

18 और अब आज हम प्रार्थना करते है, आप हमारे ह्रदय को ठीक करेंगे, एक महान रेपचर के लिए तैयार करेंगे, हम विश्वास करते है, जो बहुत ही जल्दी होगा । और यदि हमारे ह्रदय इसके लिए ठीक नही है, या कोई और बात के लिए जो आपने हमारे लिए रखी है, हम प्रार्थना करते है आप हमारी गलतियों के लिए क्षमा करेंगे, और वचन के जरिये बात करेंगे । इस कलीसिया के पास्टर को आशीष दीजिये, इसके डिकनस, ट्रस्टीयो, सारे जन साधारण को, सदस्यो को, छोटे से गीत गाने वाले झुण्ड को, पियानो बजाने वाले को, संगीत बजाने वालो को आशीष दीजिये । उन सबको जो

फाटक से इस स्थान में प्रवेश करते है । होने पाए वे हर समय यहाँ से बदल कर जाये, आपके थोडा और नजदीक आ जाए, पहले से ज्यादा, जब वे यहाँ पर आए थे । इसे प्रदान करें पिता । और ये इसी सुबह को ऐसा हो जाये, क्योंकि हम इसे येशु के नाम से मांगते है । आमीन।

19 अब यशायाह की किताब में जायेंगे, 40 वे अध्याय से हम पढेंगे

> *तुम्हारा परमेश्वर... यह कहता है, मेरी प्रजा को शान्ति दो, शान्ति ।*
>
> *यरूशलेम से शान्ति की बातें कहो; और उस से पुकार कर कहो कि तेरी कठिन सेवा पूरी हुई है, तेरे अधर्म का दण्ड अंगीकार किया गया है: यहोवा के हाथ से तू अपने सब... पापों का दूना दण्ड पा चुका है ।*
>
> *किसी की पुकार सुनाई देती है, जंगल में यहोवा का मार्ग सुधारो, हमारे परमेश्वर के लिये अराबा में एक राजमार्ग चौरस करो। हर एक तराई भर दी जाए और हर एक पहाड़ और पहाड़ी गिरा दी जाए; जो टेढ़ा है वह सीधा और जो ऊंचा नीचा है वह चौरस किया जाए।*
>
> *तब यहोवा का तेज प्रगट होगा और सब प्राणी उसको एक संग देखेंगे; क्योंकि यहोवा ने आप ही ऐसा कहा है।*

अब शमूएल की किताब में, पहला शेमूएल, 3रा अध्याय, में पहला, दूसरा और उन्नीसवा पद पढना चाहता हूँ :

> *और वह बालक शमूएल एली के साम्हने यहोवा की सेवा टहल करता था। और उन दिनों में यहोवा का वचन दुर्लभ था; और दर्शन कम मिलता था।*
>
> *और उस समय ऐसा हुआ कि एली की आंखे तो धुंधली होने लगी थीं और उसे न सूझ पड़ता था जब वह अपने स्थान में लेटा हुआ था*
>
> *... परमेश्वर का दीपक अब तक बुझा नहीं था, और शमूएल यहोवा के मन्दिर में जहाँ परमेश्वर का सन्दूक था लेटा था;*
>
> *तब यहोवा ने शमूएल को पुकारा... और उसने कहा, क्या आज्ञा!*

19 वा पद :

और शमूएल बड़ा होता गया, और यहोवा उसके संग रहा, और उसने उसकी कोई भी बात निष्फल होने नहीं दी।

20 ओह, एक महीने के लिए यहाँ पर इतने वचन के पाठ को लेना काफी होगा, और हम इस महिमामय पाठ से विषय को चित्रित कर सकते है। लेकिन आज की सुबह और हमारे पास केवल बीस मिनट है, सही समय पर निकलने के लिए हमारे... मैं सोचता हूँ सन्डे स्कूल खत्म हो गया है या हो सकता है वे इसे सुन रहे है, मैं नहीं जानता। जो भी हो, मैं आज विषय को लेना चाहता हूँ, इन *अंतिम दिनों में परमेश्वर की आवाज* ।

21 यह एक बहुत ही अलग समय है। हम जानते है कि हम वचन में कहाँ से बोल रहे है, जो कहता है, "शमूएल के दिनों में कोई खुला दर्शन नही था।" इसलिए "जहाँ कोई दर्शन नहीं है तो।" बाइबल ने कहा, "लोग नाश हो जायेंगे।" हमारे पास दर्शन होना ही चाहिए। और दर्शन नबियो के पास आते है, और यही प्रभु का वचन होता है, जो उनसे बोला गया।

22 और हम देखते है कि एली एक नबी नही था, एली एक याजक था। और वो बुढा हो रहा था, और उसकी आखें धुंधली हो गयी थी, वो उसके आस पास नही देख पाया, एक बहुत ही विशाल व्यक्ति था। और उसने प्रभु के काम को अधूरे में छोडना आरंभ किया था।

23 और आज कुछ इसी तरह से है। में सोचता हूँ कलीसिया, वे संस्थाए और सम्प्रदाये, वे एक बहुत समय से कार्य क्षेत्र में रही है, और वे ढीले होते जा रहे है। और प्रभु के काम को अधूरा दिया है, जो सच्चाई का वचन है, क्योंकि कलीसिया अपने आप में दृष्टि से धुंधली हो चुकी है। और हमे आज आवश्यकता है कि परमेश्वर का आवाज हमारे बीच बात करे, हमें वापस लेकर आये।

24 और, देखे एली लेटा हुआ था, और... उसकी आखें जाने लगी थी। वो एक याजक था। और उनके पास कोई खुला दर्शन नहीं था। और जिसकी एक बड़ी आवश्यकता है!

25 और परमेश्वर ने आवश्यकता की घडी में मिलने की प्रतिज्ञा की है। वो हमेशा ही ऐसा करता है। और आज हमे परमेश्वर की आवाज की आवश्यकता है, ताकि इस घडी की आवश्यकता से मुलाकात करे, उस समय से मुलाकात करे जिसमे हम रह रहें है। उसके इस प्रतिज्ञा करने के

बाद, हम शेष के लिए निश्चित हो सकते है कि वो अपनी प्रतिज्ञा को रखेगा। यही वो भरोसा है, जो विश्वासी का उसके बनाने वाले के ऊपर है, कि उसने प्रतिज्ञा की है वो आवश्यकता होने पर मुलाकात करेगा।

26 और आज एक कारण से कलीसिया इस परिस्थिति में है, क्योंकि वहां बहुत सारी आवाजे है, बहुत सारी दूसरी आवाजे है ताकि कलीसिया को अपनी ओर आकर्षित करे, परमेश्वर की आवाज से । यहाँ तक कि ये बहुत से लोगो के लिए, बहुत ही संदेहजनक होता है, कि परमेश्वर की आवाज ने इसके जरिये से ठीक उनके मध्य बात की है । हो सकता है वे इसे समझते भी नहीं होंगे, क्योंकि उनके लिए यह एक अपरिचित बात होगी।उन्होंने अपने आप को आवाज के दिनों पर बहुत ज्यादा कन्द्रित कर दिया है ।

27 और यदि आपने हमारे वचन पढने में ध्यान दिया हो, कि परमेश्वर की आवाज उनके लिए अपरिचित थी ।

28 और ऐसा ही आज फिर से हो गया है, कि परमेश्वर का आवाज़... वहां बहुत सारी आवाजे है । और फिर यदि परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की है, वो हमें इसे देगा, और यदि दूसरी आवाजे परमेश्वर की आवाज के विपरीत है, तब यह आवाज शत्रु की ही होगी, ताकि हमे उलझा दे, जिससे जब परमेश्वर की आवाज बोले तो हम नही समझ पाए ।

29 और हमने ध्यान दिया उस एली और शमूएल के साथ ऐसा ही कुछ था, लेकिन एली ने तुरंत पहचान लिया था कि यह परमेश्वर था। और एली पर पूरी तरह से एक—एक ईश–निंदा थी। क्योंकि परमेश्वर की आवाज शमूएल से बात कर रही थी, जो गलत कर था, उसके बारे में बताया। क्योंकि उसके बेटे लाडले थे, और वे भेटो में से पैसे और—और मांस को ले रहे थे। जो ठीक नहीं था । और वे गलत बातों को कर रहे थे, जो वचन के विपरीत था ।

30 और शमूएल... केवल बात जो शमूएल कर सकता है, कि वो सच्चाई को बोल दे। और वो उनके ऐसा करने से थोडा असंतुष्ट था, क्योंकि ये उसी स्थान के विपरीत था जिसमे उसे बढने के लिए भेजा गया था, जो एली और उसका मंदिर था। लेकिन एली ने कहा, "बताओ" । देखा? और उसने सही बता दिया क्या होने जा रहा था, वो शमूएल... या, "एली के एक याजक की नाई दिन समाप्त हुए थे," क्योंकि परमेश्वर ने बताया, और

परमेश्वर शमूएल उस नबी के जरिये से अपने सन्देश को भेज रहा था। बहुत ही विचित्र जन्म, बचपन से प्रभु को समर्पित। जब वो एक बालक था, परमेश्वर ने उससे बात की, और उसे एक आगे रखे काम के लिए तैयार कर रहा था। और एली का समय समाप्त हो रहा था।

31 आज धरती में बहुत सारी आवाजे है, जिससे यह बिलकुल ही एक कठिन बात है, क्योंकि यह औलोकिक की आवाज को दबा देती है। वहां बहुत सी बुद्धिमान आवाजे है, महान व्यक्तियों की बड़ी आवाजे, जो बुद्धिमान है, जिससे उनकी बुद्धिमानी की उपाधियां, यहाँ तक राष्ट्र को हिला देती है। वे ऐसे ही एक रात के लोग नहीं है, लेकिन वे राष्ट्र को हिला देते है, बड़े संस्थाओ को एक साथ इकट्ठा करते है, फूलो से लदे अभियान करते है। और एक व्यक्ति थोडा उलझन में आ जायेगा। उन्हें उलझन में लाने के लिए इतना ही काफी है, कि किस तरह यह बातें होती जा रही है और सफल हो रही है। और वहां पर वे आवाजे है, जो—जो ऊपर उठती है और इन कामो को करती है, और इसी कारण से परमेश्वर की आवाज बहुत पीछे कही तो दब गयी है, वो परमेश्वर की सच्ची आवाज।

32 "और परमेश्वर की आवाज," वे कहते है, "हम कैसे जानेगे यह परमेश्वर की आवाज है?" क्योंकि आज के लिए... तब यह एक साबित की हुई थी। अब, आज, हम कैसे जानेगे यह परमेश्वर की आवाज है, क्योंकि यह नबी के वचन का प्रगटीकरण है। *यह* परमेश्वर का नबी है। और एक सच्ची परमेश्वर की आवाज केवल सच्चे, जीवित, औलोकिक परमेश्वर को उसके औलोकिक वचन के साथ वापस लाती है, उस सच्चे वचन के औलोकीक प्रगटीकरण के साथ। तब हम जान जाते है कि यही परमेश्वर की आवाज है।क्योंकि, और वो औलोकीक... वहां दुसरे क्षेत्रो में बहुत कुछ और भी है, जिसने लगभग इसे दबा ही दिया है। लेकिन याद रखना, यह चमकेगी, यह आगे आयेगी, यह इसे करेगी।

33 अब, वहां पर आज राजनीती के संसार में एक आवाज है। यही एक बड़ी आवाज है। और लोग, निश्चय ही, इस बड़े राजनीती के दिन में, वे... यह सब उनकी कलीसियाओं में और सारी बातें मिल जुल गयी है। और बहुत सी बार, जो हमने हाल ही में देखा है, कि असल में राजनीती की आवाज कलीसियाओं में परमेश्वर की आवाज से ज्यादा प्रभावशाली है, या अमेरिकन लोगो ने कभी नहीं किया है, जो उन्होंने अभी किया है? देखा?

उन्होंने इसे कभी नही किया है । यदि उन्होंने परमेश्वर की आवाज को जीवित रखा होता, तो वे कभी ऐसी गलती नही करते थे । लेकिन आज धरती पर राजनीती की आवाज, परमेश्वर की आवाज से इतनी ज्यादा प्रभावशाली है, यहाँ तक की लोगो ने उनके मसीही जन्म सिद्ध अधिकार को एक गन्दी लोकप्रियता, शिक्षा, और राजनीतीक शक्ति के लिए बेच नही दिया । इसे देख कर बहुत ही एक शर्म आती है । और इसी बात को हमारे राष्ट्र ने किया था, इस बात को करने पर, लोग ठीक वापस मुड गए और—और उस बात को मतदान दिया जिससे हमने अन्य देश को छोड़ दिया। और वो—और वो प्लायमाउथ और *मेफ्लावर* और वे, यहाँ पर आ गए और—और इस बड़ी अर्थव्यवस्था की स्थापना की जो हमारे पास है । हम इसी बात से बाहर आने के लिए बहुत लड़े, हमने इसके शिकंजो में से खुद को ठीक पीछे रखा, क्योंकि बाइबिल कहती है यह इसी तरह से होगा ।

34 और एली का तरीका; एक नबी के बजाये वो याजक था । नबी वचन होता है । और वो याजक कलीसिया था ।

35 और यह एक ऐसे स्थान में चला गया, यहाँ तक ये इतना ढीला होने लगा कि लोगो के लिए वचन अपरिचित हो गया है । वे इसे नही पकड़ पातें है । फिर आप इसे बोलते है, और वे इसे नही समझते है, क्योंकि उनको ये नही सिखाया गया है । पौलुस ने कहा, "यदि तुरही का शब्द साफ ना हो तो कौन जानेगा कि खुद को युद्ध के लिए तैयार करे? "

36 लोगो को एक—एक—एक कलीसिया की आवाज के लिए प्रशिक्षण दिया गया है, जो एक कलीसिया की तुरही है, "जो बाकी दुसरो को मिला है उससे अधिक हमे हमारे सन्डे स्कूल में मिला है।" इस बात से कोई मतलब नही है। "जो बाकी दुसरो को मिला है, उससे अधिक हमे हमारी संस्था में मिला है। हम संस्थाओ के बीच सबसे बड़े है ।" देखा, इसी प्रकार की एक आवाज है, जिससे लोग प्रशिक्षित किये जाते है । रास्तो में जाकर लोगो को प्रेरित करके और उन्हें अन्दर लाते है । उनकी दिलचस्पी किसमें है? "हमारे पास बहुत बड़ी कलीसिया है । हमारे पास बहुत सारे लोग है । हमारे पास सबसे अधिक संख्या के सदस्यों का सन्डे स्कूल है । हमारे कलीसिया में शहर का मेयर आता है ।" यह सब अच्छा हो सकता है, लेकिन यदि

यही कलीसिया परमेश्वर की आवाज़ से प्रशिक्षित नही है, जो सुसमाचार की तुरही है, तो इससे क्या होगा?

37 और जब एक बात ऊपर उठती है, बिल्कुल वैसे ही जैसे हमारी सरकार के भीतर उठ चुकी है, क्या हुआ है? कलीसिया तुरही की आवाज को नही जानती, और वे नहीं जानते क्या करना है। वो बड़ी सफलता की प्रतिज्ञा, एक बुद्धिमान दानव अन्दर आ रहा है, और वे ठीक उसी बात पर चले गए है, जिसकी बाइबल ने भविष्वाणी की थी, और इसे लाया। देखा, एक राजनीती की आवाज! और इसने साबित किया कि इसने धार्मिक आवाज का उल्लंघन किया है या तो उन्होंने कभी नही किया है, उन्होंने सुसमाचार की आवाज को किया है । क्योंकि हमे बहुत से विषय वस्तु की प्रतिज्ञा मिली है, हमें सफलता की प्रतिज्ञा मिली है, लेकिन कोई संदेह नही हमे ये मिल जायेगा ।

38 लेकिन, अब भी यह एक विश्वासी के लिए कुछ भी महत्व नहीं रखता है। इब्रानीयो की किताब में गयारावे अध्याय में जायेंगे, संत पौलुस को बोलते हुए सुने, कैसे वे उन दिनों में, "भेड़ों और बकरीयों की खालें ओढ़े हुए, दुख भोगते, कोई भी स्थान से शहर में प्रवेश नही पाते थे।

39 मैं निसिया के परिषद को पढ़ रहा था, येशु के मरने के तीन सौ साल बाद जब बड़े मामले निसिया, रोम में आ गए, उस बड़े निसिया के परिषद में, और वो महान कलीसिया, जो सही बात के लिए खड़ी थी, जो बाइबल को चाहते थे। और रोमी जो पहली कलीसिया है, उन सिदान्तो को उसमे डालकर चर्च ऑफ़ रोम में परिवर्तित हो गए थे, उदाहरण के लिए कहता हूँ, जैसे हमारे पास क्रिसमस है।

40 क्रिसमस, मसीह कभी भी दिसम्बर की—की पचीस को नहीं जन्मा था। क्यों यहूदिया की घाटियां बर्फीली थी, और वो... ये बाइबल के दूसरी भविष्वाणीयो के विपरीत है। वह वसंत ऋतू में जन्मा था, जैसे सारे मेमने जन्म लेते है। वह क्यों एक घर की बजाये एक खलियान में जन्मा था? वह एक मेमना था। वो क्यों ऐसे ही वहां वेदी की ओर दौड़ कर नही गया था या उसकी वेदी की ओर, जहाँ उसे क्रूस पर किले ठोके गए थे? उसे क्रूस की लिए निर्देशित किया गया था। आप भेड़ को वध करने के लिए निर्देशित करते है। वो एक मेमना था। उसने तब जन्म लिया था, जब मेमनों ने जन्म लिया था ।

41 लेकिन, आप देखना, इसे करने के लिए, उनके पास सूर्य देवता का जन्म दिन था, जो सौर मंडल में है वो सूर्य बीस दिसम्बर से लेकर पच्चीस दिसम्बर, इन पांच दिनों में, वहां सूर्य की गति मुश्किल से बढती है। यह—यह हर एक दिन थोडा परिवर्तन होता जाता है, लम्बा और लम्बा और लम्बा दिन, जब तक ये जुलाई में सबसे लम्बे दिन तक नही पहुच जाता है।और फिर दिसम्बर में ये सबसे छोटा दिन होता है। और फिर उस पच्चीस के थोड़े समय काल पर, बीस से पच्चीस तक, उनके पास रोमन चक्र था और सूर्य देवता के जन्म दिन का उत्सव था। इसलिए फिर वो जुपीटर, जो एक रोमन देवता था, और फिर उन्होंने इसे इसमें डाल दिया, यह कहते हुए, "हम परमेश्वर के पुत्र और सूर्य के जन्मदिन को एक साथ ले लेंगे, जो एक बड़ा उत्सव होगा"। यह विपरीत है! और, उन्होंने बहुत सी बातों को वहां रख दी है।

42 और फिर जब वे परमेश्वर के सच्चे लोग जो वचन के साथ बने रहना चाहते थे, जैसे पोलीकार्प, इरेनिअस, मार्टिन, वे पहले के महान संत व्यक्ति, जो सच्चाई के साथ बने रहना चाहते थे… और जब उन्हें निसिया के परिषद से होकर लाया गया, उनमे से कुछ लोगो को इतना अस्वीकार किया गया था, वे नबी जंगल से बाहर तब तक नही आते थे, जबतक भेड़ो के खाल के छोड़ कुछ और न लपेटे हो, ताकि उस परिषद में बैठे। लेकिन वे प्रभु के वचन को जानते थे। लेकिन लोकप्रियता, उनकी पंद्रह दिन की खुनी राजनीती, और वे इससे आगे निकल गए। फिर हमारे पास एक हजार वर्ष का अंधकार युग था।

43 लेकिन परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की है कि तुरही फिर से फूंकी जाएगी। लोग हमेशा ही परमेश्वर के सच्चे वचन की आवाज को सुनते है, हमेशा ही जांचते है, आप जो करते है, वचन के द्वारा करते है।

44 राजनीतियो की आवाज। और हमारे अमेरिका में और बाकी के सारे संसार के पास आज बोलती हुई एक बड़ी आवाज है, और वो आवाज हॉलीवुड की है, इसने सारे संसार को गिरफ्त में ले लिया है। हॉलीवुड में किसी को तो, कोई बात के साथ बाहर आने दो, आप उस बात को सारे देश में देखते है। अब हम देखते है कि उन्होंने हमारी स्त्रियो के लिए उनके वस्त्रो पर, उनके बालों की शैली पर, एक आकृती को तैयार किया है। वे उन वस्त्रो को तैयार करते है।

45 कलीसिया को इस बात पर, परमेश्वर की तुरही की आवाज को जानना चाहिए! लेकिन वहां बहुत ही अधिक गड़बड़ी है क्योंकि आप दुसरो का उदहारण लेकर ऐसा करते है । इस प्रकार का एक उदहारण लेकर अपने आप को कभी भी नमुना मत बनाओ, क्योंकि यह नाशवान है। हमेशा ही परमेश्वर की आवाज को सुनो, वो इसके बारे में क्या कहती है ।

46 और हम हॉलीवुड में देखते है, वे उन चींजो को बढावा देते है। और इससे पहले हम आगे जाये, मैं थोडा इस पर कुछ समय के लिए बोलूँगा। ज्यादा समय नहीं हुआ, एक—एक बात बात बाहर आयी थी, कि एक—एक हॉलीवुड में एक व्यक्ति... अब उस व्यक्ति के विरुद्ध कुछ भी नहीं है, वो एक नाशवान है, जिसके लिए मसीह मरा, लेकिन केवल यह आपको दिखाने के लिए है। उन्होंने एक छोटी चीज को बनाया, जिसे बच्चे हमेशा “हूला हूप” कहते थे, हूला हूप या ऐसा ही कुछ था । और आपने कभी उसकी बेहूदगी और बातों पर ध्यान दिया होगा जिसका छोटे बच्चे बहुत ही अनुकरण करते थे । यह ठीक नही है ।

47 अब, हॉलीवुड पूरी तरह से—से गोलीबारी करनेवालों से भरा हुआ है। अब, जो कोई भी इतिहास को जानता है, वो जानता होगा, वे लोग उन दिनों में, वे गोलीबारी करनेवाले जैसे वे—वे विभिन्न लोग थे, वे सभ्य नागरिक नही थे, वे आवारा थे, वे अल कपोन दिलिंगेर के जैसे थे । उनके पास टेलीविज़न पर एक हॉलीवुड का खेल था, वे उसे “गनइस्मोक” कहते थे । और मैंने एक दिन *जाँच* करने पर सुना कि वो व्यक्ति जिसने इसका किरदार किया है, अर्नेस या ऐसा ही कुछ, अर्नेस, मैं भूल गया कि उसका नाम क्या है, और उसे चाहिए था... वो मैट दिल्लीओं को दर्शाता है जो केंसास में एक फौजदार था । और मैट दिल्लीओं पीले खरगोश के समान था । वहां पिछवाड़े में उसने डॉज शहर के बाहर उन्नीस बेगुनाह लोगो को गोली मार दी, और वो एक झाड़ियो में रुका रहता। और जब एक व्यक्ति आगे आता है, जिसे कोई तो बुलाकर और उससे कहता कि कोई तो एक बदमाश वहां से आ रहा था, और वहां पर बाहर रुके रहो और, जब वो व्यक्ति वहां पर आता, तो वो उसे पीछे से गोली मार देता था । अब हम पाते है वो “नामी व्यक्ति” है, जो नीचे गिर गया है । क्योंकि, यह—यह पाप को पूरी तरह से महिमामय कर रहा है। लेकिन हमारे देश के छोटे बच्चे येशु मसीह के बारे में बताने से ज्यादा आपको मैट दिल्लीओं के बारे में बता

सकते है । वे—वे बड़ी दुकाने, वो दस सेंट की बड़ी दुकाने, और कपड़ो के विभाग में, उस छोटी टोपी के साथ, खिलौने की लटकती बंदूको से भरी हुई है, जिसे—जिसे आप कही से भी खरीद सकते है । इसे पहनना ठीक बात है, लेकिन मैं—मैं आपको ऐसे ही बता रहा हूँ, आप समझे । फिर वो—वो व्यावसायिक संसार उस चीज को ऊपर उठाता है और इससे लाखों डॉलर्स कमाता है।

48 हमारे पास, जिसे हम "संत पैट्रिक डे" कहते है, हमारे पास, जिसे हम "धार्मिक हॉलिडेस" कहते है। और व्यावसायिक संसार ने इसे उठाया है और उन्होंने लाखों डॉलर्स बनाये है ।"मदर डे" में फूलो का गुच्छा । क्यों, हर दिन माँ के लिए एक आदर का दिन होना चाहिए । वो बूढी कहीं तो दूर है, जाकर उसे देखो । ये फूल या जो कुछ भी आप उसे भेज सकते है उससे ज्यादा महत्व ये रखता है । देखो, लेकिन उन्होंने इसे उठाया है। यह एक आवाज है, और हम ठीक इसमें, इसके साथ घुलते जा रहे है । ये सचमुच सही नही है। लेकिन आप क्या करने जा रहे हो? देखो, हम—हम केवल...

49 मैं आपको एक स्थान पर लाने की कोशिश कर रहा हूँ ताकि आपको कुछ बताऊँ, जो मैं—मैं विश्वास करता हूँ। वो आवाज असमान्य है, जो परमेश्वर की आवाज है ।

50 अब, हम देखते है उन्होंने कदम को रखा है । क्या आपने कभी ध्यान दिया है? हमारे जवान लड़के "रिक्की" और "एल्विस" बन चुके है । आपके बच्चो का नाम यदि ये है, इसे जल्दी ही बदल दे, उसे नंबर "एक" या "दो" या कुछ भी कहकर बुलाये। नही, यह एक खराब बात है... आप कहते है, "नाम से क्या फर्क पड़ता है? " क्यों, निश्चय ही इससे फर्क पड़ता है। आपका नाम आपके जीवन के चरित्र को दर्शाता है । "भाई ब्रन्हम, अब आप अंक शास्त्र पर आ गए है । नही, मैं नही हूँ! मै यहोवा यों कहता है, पर हूँ! ऐसा क्यों था, जब, याकूब अपने नाम के साथ जिया, भरमाने वाले की नाई, धोखेबाज, याकूब । और जब परमेश्वर ने उसे बदल दिया । उसने उसके नाम को बदल दिया । परमेश्वर ने शाऊल को पौलुस में बदल दिया, शिमोन को पतरस, इसमें कुछ तो है। और रिक्की और एल्विस और ऐसे ही जो नाम है, ये अमेरिका के आधुनिक नाम है, जो बच्चो को ठीक इसके अन्दर डाल देते है । समझे मेरा क्या मतलब है?

51 अब, मैं आशा करता हूँ मैं... अच्छा होगा मैं पीछे जाऊं और यहाँ इसके अन्दर और ज्यादा नही जाऊं (समझे, मेरा क्या मतलब है?) कि आप नही समझेंगे। लेकिन ये सारी बातें यहाँ तक आम व्यक्ति के द्वारा नही समझी गयी ।वे इसे नही पकड़ेगे, क्योंकि उनके पास एक विचारधारा है । यही है जिसे वे सब सुनते है, उन आवाजो को ।

52 वहां एक दर्शनशास्त्री की आवाज है, साम्यवाद, जो कुछ तो प्रतिज्ञा करते है, जिसे वे निभा नही सकते है। और फिर भी ज्यादा प्रतिशत अमेरिकन लोग साम्यवाद में डूब गए है । मैं साम्यवाद में रहा हूँ, मेरा मतलब साम्यवाद के क्षेत्र जर्मनी में, जो बर्लिन के उत्तर पर है । उनके पास दिखाने के लिए बाहर से बड़े घर थे । आप उनके अन्दर चलकर जायेंगे, उन्होंने इसे यहाँ तक पूरा भी नही किया है । यह एक झूठी अर्थव्यवस्था है, वे उस पर कुछ तो ढकेलने की कोशिश करते है ।

53 और रूस में, जो साम्यवादीयो का जन्म स्थान है... जहाँ, बहुत वर्ष पहले, जब मैं बस एक जवान प्रचारक ही था, मैं कहूँगा तैतीस वर्ष पहले, जब नाज़िस्म, फासिज्म, और साम्यवाद बढ़ रहे थे, मैंने कहा, "मैं प्रभु के नाम से बोलता हूँ! वे सब साम्यवाद में ठप्प हो जाएँ ।" लेकिन कभी आपने ये नही सोचा, परमेश्वर ने हमारे लिए एक मार्ग को रखा है, यदि हम केवल इसे लेते है तो । वहां रूस में केवल एक प्रतिशत साम्यवाद है, केवल एक प्रतिशत, वे प्रतिशत को नियंत्रण में कर रहे है। साम्यवाद का एक प्रतिशत... रूस का एक प्रतिशत साम्यवाद है, यानी की वे नियन्त्रण करते है ।

54 और वैसे ही हॉलीवुड में एक स्थान है, लेकिन वे नियन्त्रण में है ।

55 लगभग एक तिहाई या दो तिहाई यूनाइटेड स्टेट की जनसंख्या कलीसिया जाती है, और कलीसिया के सदस्य है, लेकिन वे संस्थाओ के नियंत्रण में है।

56 वहां पर साम्यवाद में जो आवश्यकता है, कि उनके बीच में परमेश्वर की आवाज को ऊपर लाये, और यह उन्हें एक शर्मिंदगी के अन्दर डाल देगी ।

57 फ़िनलैंड में, जब वो छोटा बच्चा उस दिन मुर्दों में से जी उठा था, और वे मुझे तीन वर्ग दुरी से लेकर आ रहे थे, जहाँ छोटा मरा हुआ बालक जी उठा था; साम्यवाद सैनिक, रूसी वहां रूसी सलामी के साथ खड़े थे, और

उनके गालो पर तेजी से आंसु नीचे बह रहे थे। उन्होंने कहा, "हम एक परमेश्वर को ग्रहण करेंगे जो मरे हुए को जिला सकता है।" यह कैथोलिक कलीसिया और लूथरन कलीसिया, और उन संस्थाओ की लापरवाही है और वे सब पैसो ले रहे है और ईमारत की संगठना को और लोगो को कुछ नहीं दे रहे है। वे बाकी के लोगो के जैसे ही जीते है। वहां...

58 रूस को जो जरुरत है, वो है एक नबी की जो प्रभु के वचन के साथ दृश्य पर आये, जो मुंह को बंद कर सकता—सकता है। तब नब्बे प्रर्तिशत कब्ज़ा कर लेंगे।

59 अमेरिका को जो जरुरत है, वो है परमेश्वर के एक नबी के आवाज की, जो खड़े होकर और हॉलीवुड को दोषी ठहरा सकता हो और इन बातों को येशु मसीह के नाम में दोषी ठहरा सकता हो, और पवित्र आत्मा कब्ज़ा ले लेगा। बहुत ही ज्यादा गड़बड़ी है, देखे, इसके सामने बहुत सारी विपरीत आवाजे है।

60 वो कलीसिया की आवाज, हर एक जन और भी सदस्यो को चाहते है। वे बैप्टिस्ट यही सब चाहते है, मेथोडिस्ट यही सब चाहते है, प्रेसब्यटेरियन। यह हम सबके पास हो। और ऐसा दिखाई देता है जैसे कैथोलिक इन सबको लेने जा रहे है, और वे इसे ले लेंगे। यही बाइबल से निकली परमेश्वर की आवाज है। वे राज्य करेंगे।

61 लेकिन अंत में सबसे ऊँचा परमेश्वर राज्य करेगा। एक दिन, वे संत कब्ज़ा करेंगे, बाइबल ऐसा कहता है। वे कब्ज़ा करेंगे।

62 ऐसी बहुत सी भयंकर आवाजे है! फिर वहां पर झूठे नबी की आवाज है। यह एक भयानक आवाज है, एक व्यक्ति जो खुद को नबी कहता है। निश्चय ही एक नबी प्रचारक होता है। एक आधुनिक शब्द "नबी" का पूरी तरह से मतलब है "एक मनुष्य जो प्रेरणा के नीचे प्रचार करता है।" एक मनुष्य जो खड़ा होकर और खुद को एक नबी कहता है, और परमेश्वर के वचन का इंकार करता हो, परमेश्वर के सच्चाई का इंकार करता हो। वहां बहुत सारी आवाजे है।

63 कुछ क्षण पहले, वहां एक भाई था जो मुझे यहाँ ऊपर आने के लिए निर्देशित कर रहा था, लेकिन मैं समझता हूँ... उसने सोचा मैं क्यों ऊपर रास्ते पर जाकर और मुड़कर वापस आ गया। भाई यदि आप यहाँ पर है

तो, मैं कुछ तो सुन रहा था, जो हमारे—हमारे अश्वेत नीग्रो मित्र थे। उनका यहाँ पर एक मंदिर है, और वे इसे, “एल्लियाह मोहम्मद” कहते है, या ऐसा ही कुछ है, “युवा एल्लियाह मोहम्मद।” वे एक आवाज के साथ उठ रहे है, और कह रहे है कि वे लोग वो आवाज है जो इस गड़बड़ी से अश्वेत जाति को बाहर लायेगी। जिसे, आप देखते है, उसी चीज को, उन—उन—उन मुस्लिमो की मस्जिद यहाँ पर है । इसके पीछे क्या बात है आप उसी बात क्यों नही देखते, यह गलत है!

64 वे अश्वेत लोग, सफ़ेद लोगो के जैसे ही है, भूरे लोग, और सावले लोगो के जैसे ही होते है, वापस इसलाम की ओर नही, लेकिन मसीह की ओर वापस जाना है, वही सिदान्त जो बाइबिल सिखाता है । इसलाम वचन के विरुद्ध है । अब, मुझे एक समय दुर्बन, दक्षिण अफ्रीका में दस हजार इसलामीयो को मसीह की ओर अगुवाई करने का सौभाग्य मिला था। इसने मनोविज्ञान को छोड़ कुछ भी उत्पन्न नहीं किया । मनोविज्ञान ठीक है, जब तक मनोविज्ञान वचन को इंकार नहीं करता है। लेकिन जब मनोविज्ञान वचन को इंकार करता है, तब मनोविज्ञान गलत है । यह एक अनिश्चित आवाज को देता है । वहां हर एक चीज टल जाएगी, लेकिन परमेश्वर का वचन, येशु ने ऐसा ही कहा, “धरती और आकाश टल जायेंगे, लेकिन मेरा वचन कभी भी नहीं टलेगा।” तो आपने देखा हमें वचन के साथ बने रहना ही है, उस आवाज के साथ बने रहना है ।

65 बहुत सारी गड़बड़ की चीजे है! लोग खड़े हो जाते है, वे वचन को नही जानते, और बातों को कहते है, और हो सकता है यह बहुत ही उचित लगती है । साम्यवाद एक बहुत ही उचित बात है, “सभी एक समान है । कोई भी पूँजिपति नही है, वे सब साम्यवाद है।” क्या आपने कभी रूककर सोचा है कि साम्यवाद एक झूठी बेदारी है? और उसने इस मिसाल को किसके पीछे दिया? वो... येशु ने कहा, “दो आत्माये इतनी नजदीक होंगी, संभव हो तो चुने हुए भी भरमाये जायेंगे ।” और जो कुछ भी शैतान को मिला है, यह एक परमेश्वर की सृष्टी का बिगड़ा हुआ रूप है । पाप धार्मिकता का बिगड़ा हुआ रूप है । झूठ, सच्चाई को गलत ढंग से पेश करना है । व्यभिचार वो—वो एक कार्य है जिसे परमेश्वर ने दूषित करने के लिए हमें ठहराया है। सारा अविश्वास, विश्वास का बिगडा हुआ रूप है । बिगड़े रूप को—को लेने के लिए आपको सच्चाई को इंकार करना होगा। देखो, इन आवाजो

को समझने के लिये, उन्हें वचन के द्वारा परखो, और देखो यह सही है की नही ।

66 ओह, हम कितना आज के इन आवाजो पर आगे और आगे जा सकते है, लेकिन हमारा समय निकलता जा रहा है । लेकिन, बहुत सारी आवाजे है, जिसे लोग नही जानते कि क्या करना है। मेथोडिस्ट अंत में एक बैप्टिस्ट प्रचारक को सुनेगे, वे वहां पर जायेंगे, वे वहां थोडा रुकेंगे और वे लूथरन की ओर जायेंगे । और पेंतिकोस्टल में, उनके पास विभिन्न झुण्ड है, एक, इस तरफ जायेगा, एक दूसरी तरफ जायेगा, फिर आगे और पीछे । यह दिखाता है कि आप स्थिर नही है । उसकी आवाज को सुनो! यहाँ है ये, पेपर पर लिखा हुआ, वो आवाज, जो साबित हो जायेगी, यदि सही है तो ।

67 कलीसिया की दुनिया नही जानती कि क्या करना है, वो राजनीती की दुनिया गड़बड़ी में है । हर एक चीज गड़बड़ी में होती दिखाई पड़ती है । लोग यहाँ से भागते है, कुछ और बात ऊपर आती है, कुछ जैकेट की बात, कुछ कुरते की बात ।जब में रोम में था, उनके पास उन्नीस विभिन्न साबित हुए कीले थे, जिसे येशु के हाथो में डाला गया था; और वहां पर केवल तीन ही थे, लेकिन फिर भी उनके पास उन्नीस विभिन्न कीलो का रिकार्ड है । अब, इससे क्या फर्क पड़ता है कि कीले किसके पास है? मसीह ने कीलो को हमारे आराधना करने के लिए कभी नही छोड़ा, उसने उसके वचन के द्वारा हमारे लिए पवित्र आत्मा को छोड़ा है! “जो विश्वास करेंगे, उनके यह चिन्ह होगे, उनके पास मूल कीले होंगे? ” “उनके पास... जो विश्वास करेंगे उनके यह चिन्ह होंगे, वे मेरी आरम्भ की हुई संस्थाओ से ताल्लुक रखेंगे? ” उसने कुछ आरंभ नही किया । देखा, वो आवाज कैसी विपरीत है?

68 लेकिन, जो विश्वास करेंगे उनके यह चिन्ह होंगे; मेरे नाम से वे दुष्टात्माओ को निकालेंगे ।” यहाँ ये वचन है । “वे नई भाषा में बोलेंगे; सर्प को उठा लेंगे, जो उनको हानी नहीं पहुचाएंगे। यदि वे विषेली वस्तु पी जाये, इससे उन्हें कुछ फर्क नही पड़ेगा । यदि वे बिमारो पर हाथ रखेंगे, वे चंगे हो जायेंगे।” और आप इन बातों को देखना और साथ में बाकी के वचन को एक साथ रखना ।

69 अब, केवल इससे साबित नही होगा, बिलकुल नही । यही है जहाँ हम पेंतिकोस्टल गलत रास्ते पर होते है । क्या येशु ने ये नही कहा, “बहुत से

उस दिन मेरे पास आकर और कहेंगे, 'क्या हमने तेरे नाम से बड़े काम नही किये है? क्या मैंने आपके नाम से भविष्वाणी नही की? क्या मैंने यह सब तेरे नाम से नही किया है?' '' येशु ने कहा, "मुझसे दूर हो जाओ, कुकर्म करने वालो, मैं तुम्हे नही जानता।" क्या आपने देखा, मेरे भाइयो और मेरी बहनों, मैं इस पीढ़ी को इतना क्यों दोषी ठहरा रहा हूँ और अभियोग लगा रहा हूँ? तुम मनुष्य और दूतो की बोली बोल सकते हो, तुम सारी कलीसिया में घूमकर आत्मा में नाच सकते हो, इसका इसके साथ कुछ लेना देना नही है ।

70 मैंने इसलामीयो को इसी तरह घूमकर नाचते देखा है। मैंने सुना है कि डॉक्टर में... ओझा के डेरे में, देखा गया है कि जादूगर खड़े होकर और अन्य भाषाओ में बोलते है और इसका अनुवाद करते है, और बिल्कूल सही बताते है की क्या होने जा रहा है, और ये उसी तरह होता है । मैंने यहाँ तक एक कलम को उठते हुए और अन्य भाषा में लिखते हुए देखा है, और वहां एक ही है, इसे पढ़ सकता है, और ये शैतान से था । तुम अपने अनंत मंजिल की बुनियाद को किसी संवेदना पर नहीं रख सकते हो । शैतान उन में से किसी भी संवेदनाओ की नक़ल कर सकता है । नही... यह मसीह को जानना है, आपके जीवन में कुछ तो बदलाव आना है । अपने जीवन को देखो और इसे वचन के साथ मिलाओ, और देखो तुम कहाँ पर हो । निश्चय ही इस विषय को लेते हुए ।

71 इन सारी नकलों, झूठी आवाजों, झूठे नबियो के बावजुद, और सारी दूसरी बातें, जो उठ रही है, येशु ने फिर भी कहा, इन सब बातों के बावजुद, "यदि कोई मनुष्य मेरी आवाज को सुनकर और मेरे पीछे चलेगा।" वो वचन है। सुनना, इन सारी आवाजो में हमारे लिए उसकी आज्ञा है । जिसे, मैंने कहा, इन सारी आवाजो को बाहर लाने में घंटो लग जायेंगे । और ये लोगो को उलझन में ला रही है, यह एक दयनीय बात है । और, इस सबके बाद, आपको दूसरा मौका नही मिलेगा, तुम्हे इसे अभी लेना है। हो सकता है आपको आज रात एक मौका नही मिले। हो सकता है आपको कल एक मौका नही मिले। यह अभी है! "जब तुम मेरी आवाज सुनो, अपने हृदय को कठोर मत करो, जैसा क्रोध दिलाने के समय में किया था। अब यही वो समय है । यह उसे स्वीकारने योग्य समय है, कि यदि कोई मनुष्य मेरी आवाज को सुनेगा।" यह दिखायेगा कि उसकी आवाज अब ही उन सारी

गड़बडी के बीच में होगी । उसके पास अब भी आवाज है! क्यों? क्योंकि उसकी आवाज हमेशा ही बनी रहेगी। यहाँ है ये, “धरती और आकाश टल जायेंगे, लेकिन मेरी आवाज कभी नहीं टलेगी,” जो उसका वचन है ।

72 बस पांच मिनट और कहूँगा, जल्दी से, आप सुन सकते है, क्या आप ज्यादा समय सुनेगे, या कुछ ही मिनट? अब, मैं जल्दी करूँगा, थोडा कुछ उन्हें लेते है जिन्होंने उसकी आवाज को सुनकर और इसका पालन किया। कैसे इसने उन्हें कार्य करने को लगाया, इसने उन्हें क्या कार्य करने को लगाया। अब मैं बहुत से—से वचन को छोड़ रहा हूँ, जिससे मैं आपको सीधे उस बात को बताऊँ, कैसे इसने उनके जीवन को बदल दिया और वो सब जो उनके बारे में था, कैसे वे विचित्र प्राणी बन गए, हम “विचित्र प्राणी” कहते है। हर एक मनुष्य जिसने कभी परमेश्वर पर विश्वास किया है, उसे एक विचित्र प्राणी माना गया था । यदि आप संसार के विचारधारा में है, वहां तुम्हारे साथ कुछ तो गलत है। मसीह बनने के लिए तुम्हे एक विचित्र प्राणी होना है । क्योंकि वे सब जो मसीह येशु में भक्ति के साथ जीवन बिताना चाहते है, संसार से सताए जायेंगे। “वो संसार में था और संसार उसके द्वारा बनाया गया, और संसार ने उसे नही जाना।” अब जल्दी से, अब ध्यान से सुनना, जब हम समाप्त करते है।

73 आदम ने संध्या के ठंडक में उसकी आवाज को सुना, और उसके साथ संगती की थी ।वहां आदम पर कोई दोष नही था । उसने परमेश्वर की आवाज को सुना, और उसने कहा “पिता, अब में नीचे सोता हूँ ।” और वो नीचे लेट गया, और हवा उसके हाथो पर, सिह, चीता, और जंगली पशु उसके चारो ओर लेट गए, वहां कोई हानी नही थी, बीमार होने की कोई बात नही, ऐसी कोई बात नही, सुबह में उठेंगे की नही, वे उठेंगे। आदम ने उसकी आवाज को उस तरह सुना जैसे उसको, इसे सुनना चाहिए ।

74 लेकिन एक दिन उसने अपनी पत्नी की आवाज को सुना । अच्छा होगा किमैं थोड़े समय के लिए इसे रहने दूँ । लेकिन उसने गलत आवाज को सुना, इस पर भी यह उसकी पत्नी थी, जिसके साथ उसका धरती पर सबसे नजदीकी संबंध था। उसने अय्यूब के जैसे क्यों नही किया, “तुम मुर्ख स्त्रियो की नाई क्यों बात करती हो?” और यदि ऐसा होता, सारी मानव जाति मरने की बजाये जी रही होती। इसने सारी मानव जाति के दिशा और समय को बदल दिया । लेकिन उसने परमेश्वर की एक आवाज को सुना

था, उसने इसके साथ संगती की थी, लेकिन जब वो मुड गया... उसने कैसे जाना की उसकी पत्नी गलत थी? याद रखना, यह मधुर थी।

75 हम आज सोचते है कि हमारी संस्थाए, कलीसिया, हम सोचते है कि आज हमारी सफलता, परमेश्वर हम पर मुस्कुरा रहा है। यह अच्छा दिखाई देता है। यह अच्छा दिखा जब मीका चार सौ नबियो के सामने खड़ा हुआ, और सारा देश उनके लिए था, और पलिश्ति या अश्शूरिया उस पर थे, यह अच्छा दिखा। वे नबी कह रहे थे, "वहां पर जाओ, वो हमारा है। इसे ले लो!" लेकिन यह परमेश्वर की आवाज नही थी। और मीका पीछे मुडा और उस आवाज को श्रापित किया। और उसने कैसे जान लिया कि ऐसा करना है? क्योंकि उसका दर्शन बिलकुल वचन के अनुसार था। आज इस पर भरोसा करना और देखने का केवल यही तरीका है, इसे वचन पर ही होना है।

76 फिर क्या आपने ध्यान दिया? आदम ने परमेश्वर की आवाज को छोड़कर दूसरी आवाज को सुना, जो उसकी पत्नी थी... और कलीसिया उपने संस्थाओ की आवाज़ को सुन रही है, वचन की बजाये वे उनके अंदर सिदान्तो को डालते है, वे कैसे भी चाहे जीने देते है। जब तक वे किसी कलीसिया जाते है और किसी एक कलीसिया के सदस्य है, यही सब महत्व रखता है। उनके लिये धरती पर का विश्वासी सबसे नजदीकी संपर्क है। लेकीन सच्चे विश्वासी का सबसे नजदीकी संपर्क पवित्र आत्मा से है, उस परमेश्वर के वचन से है।

77 इसलिये आप देखते है कि आदम ने अपनी अवस्था को जान लिया, और उसने फिर से परमेश्वर कि आवाज को पुकारते हुये सुना, और तब वो अंजीर के पत्तो में था। लेकीन ये दोष लगाने कि आवाज थी, "इसे तुमने क्यो किया है?"

78 मै सोचता हूँ यदि आज अमेरिका या संसार अपने धार्मिक कोलाहल में है, जैसे यह होता है, और अमेरिका को निगल रहा है, निगला गया है, बहुत ही जल्द यह एक राष्ट्रिय धर्म होगा। [टेप पर रिक्त स्थान—समा।]

79 मेरे सामने कौन बैठा है? मैं जानता हूँ यह टेप हो रहा है और यह सारे संसार में जायेगा। हमारे पास टेप के प्रोग्राम है, जिससे हर एक सन्देश सारी दुनिया में, सारे दुसरे देशो में लेते है।

80 तो ठीक है, अब यदि ध्यान देंगे और देखेंगे, आप ऐसे ही अंजीर के पत्तो में खड़े है । जब परमेश्वर का सच्चा आवाज बाहर आता है, वे नही जानते इसके बारे में क्या करना है । इससे गड़बड़ हो रही है, वे नहीं जानते क्या करना है ।

81 जल्दी करूँगा, नूह ने परमेश्वर की आवाज को सुना । यह उसके जीवन को बचाने की तैयारी कर रही थी, और उसने निर्देशो का अनुकरण किया, और वो खड़ा रहा ।

82 यदि एक मनुष्य आवाज को सुनता है... अब सुनना, इसे पकड़ना बहुत ही अच्छा है । चूकना मत । यदि एक मनुष्य किसी की तो आवाज को सुनता है, और यदि यह समय पर परमेश्वर की आवाज साबित होती है, और फिर वो मनुष्य से बाहर निकलती है, धरती और आकाश टल जायेंगे लेकिन मेरा वचन नही टल सकता है ।

83 नूह ने आवाज को सुना और संसार को दोषी ठहराया । और वे उसके मुंह पर हँसे क्योंकि उसके—उसके सन्देश ने उनके विज्ञानिक सफलताओ का सामना नही किया, लेकिन इसने बारिश को लाया और सारे संसार को नाश कर दिया । देखा? उसकी आवाज जो आगे गयी, वो बीज वहां पर पड़ा हुआ था । हर युग में ऐसे ही होता है ।

84 शमूएल सतर्क हो गया, जब उसने परमेश्वर की आवाज को सुना, कि उसने... वो एली को दोषी ठहराने के लिए आगे बढ़ा, उस व्यक्ति को जिसने उसकी परवरिश की थी । उस व्यक्ति को जो उसके लिए पिता रहा था और उसे बड़ा किया और उसे खिलाया ।

85 सेवक भाइयो, क्या मैं बोलूँ? सेवक जन बहुत सी अपने संस्था के श्रेत्रो के और संप्रदाय के प्रमाण पत्र उनकी जेबों में होते है, उसी अब्बा के, उसी संस्था के जिसने उसकी परवरिश की और उन्हें खिलाया और उन्हें ऊपर लाया और कलीसिया में एक स्थान पर रखा, और एक झुण्ड में रखा, जो वे सिखाते है, आपको उसे उखाड़ फेकना है । समझे? एक सच्चे परमेश्वर के सेवक के लिए क्या ही एक भयंकर बात है, परमेश्वर की आवाज को सुनना और उसे उसी संस्थागत माँ के पास वापस आना होगा, कहते, “तुम दोषी हो क्योंकि तुम इस वचन को स्वीकार नही करते।” क्या ही बात है!

यह शमूएल के लिये कठिन था । लेकिन वो एक नबी था, उसे इसे करना था । परवाह नही करते कि इससे दुख होगा या नही, कुछ भी हो उसे इसे करना ही था।

86 मुसा ने परमेश्वर की आवाज को सुना था। वो धर्म शास्त्र से भरा हुआ था । वो इसके पूरे *अंदरूनी* और *बाहरी* बातों को जानता था, लेकिन ये चूक गए । उसने परमेश्वर की आवाज को सुना, मुसा कभी वैसा नही रहा ।

87 और कोई भी मनुष्य कभी वैसा नही रहा है । आपने अपने कानो में उस—उस आवाज को बोलते हुए सुना होगा, लेकिन जब आप अपने ह्रदय में उस आवाज बोलते हुए सुनते है, तब आप सुन रहे होते है । तुम आँखों से नही समझते हो । तुम आँखों से देखते हो, तुम ह्रदय से समझते हो । आप किसी को कहते देखते है, “मैंने इसे नही देखा,” आपका मतलब आपने इसे नही समझा । आप कानो से नही सुनते, आप ह्रदय से सुनते है। बहुत बार आपके कान परमेश्वर की सच्ची आवाज को सुनते है, और ये पानी का ना टिकना है, जैसे उल्टे घड़े में पानी नही टिकना । लेकिन जब आप सचमुच सुनते है, आप ह्रदय से सुनते है ।

88 और सारा धर्म ज्ञान जो मुसा के पास था, उसने परमेश्वर की आवाज को नहीं सुना था । लेकीन परमेश्वर ने इस अस्सी वर्ष के चरवाहे को उस एक तरफ पुकारा और उससे बातें की, और उसने इसे पकड़ लिया। उसने साबित किया कि वो परमेश्वर था । पहली बात उसने जो मुसा के लिए की, उसने वचन को साबित किया था, “मैं नीचे जा रहा हूँ, मुझे याद है, मैंने जो प्रतिज्ञा की है।”

89 और यही है जिसकी उसने अंतिम दिनों के लिए प्रतिज्ञा की है। वो कुछ लोगो को उठाता और और सारी प्रतिज्ञाओ को लेता है ।

90 “मैंने इसकी प्रतिज्ञा की है ।” कहा, “मुसा अपने जूतो को उतारो।” दुसरे शब्दों में, इसका आदर कर।“अब अपनी लाठी को फेंको ।” और एक—एक सुखी लकड़ी रेत पर फेंकी, वो सर्प बन गयी, और मुसा ने इसे उठा लिया और वापस फिर से लाठी बन गयी । देखा? वो जानता था, यह परमेश्वर था, क्योंकि परमेश्वर ने कहा, वो परमेश्वर का वचन है, वो वचन जो वो बोल रहा था, कहा, “अपने हाथो से लाठी को नीचे फेंको ।” यही परमेश्वर का वचन है । इसी बात को करने की कोशिश मत करना, यह परमेश्वर का वचन आपके लिए नही है, यह परमेश्वर का वचन मुसा

के लिए है । *यहाँ* पर आपके लिए परमेश्वर का वचन है! “लाठी को नीचे फेंको ।” ये एक सर्प मैं बदल गयी। कहा, “अब क्या तुम इससे डरते हो? इसे इसकी पुंछ से उठाओ,” और वो वापस लाठी बन गयी । परमेश्वर का वचन उसके लिए है । उसने क्या किया? परमेश्वर ने उसके वचन को प्रमाणित किया ।

91 मुझे लगभग कुछ महीनो पहले फोन आया था, लगभग एक वर्ष पहले, एक साल से ज्यादा हो गया। एक छोटी महिला टेलीफोन के दुसरे छोड़ पर एक बेप्टिस्ट और एक पेंतेकोस्टल प्रचारक के साथ थी। स्त्री ने कहा, “भाई बन्हम, परमेश्वर ने मुझे एक महिला नबी बनाया है ।”

कहा, “अच्छी बात है।”

92 कहा, “आप जानते है, मैंने आपको यह बताया था, जिसे आपने—आपने कहा, इसका आलेख किया कि मेरी सेवकाई परमेश्वर की थी ।”

93 अब, मैं ऐसा नही कर सकता, ये वचन के विपरीत है। इसलिए मैंने कहा, “महिला यह एक गलती है । मैं आपको जानता भी नही हूँ ।”

94 और मैंने बैप्टिस्ट प्रचारक को सुना, मैंने पेंतेकोस्तल प्रचारक को सुना। महिला ने कहा, “तो, हमारे पास यहाँ एक मीटिंग हो रही है।” और कहा, “प्रभु महान बातों को कर रहा है ।”

95 मैंने कहा, “मैं इसके लिए आनंदित हूँ ।” उसने कहा... मैंने कहा, “क्या कभी उसने आपको अब तक कुछ बताया है? ”

कहा, “हाँ, मेरे हाथ में एक बड़ा कार्यकम है।”

96 मैंने कहा, “बहुत अच्छा।” मैंने कहा, “अब, आपका क्या कार्यकम है? ” मैंने कहा, “परमेश्वर ने आपको क्या बताया? ”

97 “परमेश्वर ने कहा, ‘*फलां—फलां* तारीख को फ़ीनिक्स, एरिज़ोना में जाओ, और फिर मैं तुम्हे खोई हुई डचमन की सोने की खदान को दूंगा, और तुम वहां मिले हुए सोने को लेकर और सारे संसार की मिशनरी को प्रायोजित करोगी।’” जबकि हम सब जानते है कि डचमन की सोने की खदान एक कहानी है।“उसने ऐसा कहा।”

98 मैंने कहा, “ठीक है, मैं आपको बताऊंगा हम कैसे जानेगे ये परमेश्वर है कि नही।” मैंने कहा, “उस दिन पर तुम वहां पर होंगे। और यदि आपको खोई हुई डचमन की खदान मिलती है, तब यह परमेश्वर है और यदि आपको

खोई हुई डचमन की खदान नही मिलती है, तब तुम पश्चाताप करना और उस झूठी आत्मा को अपने में से बाहर करना।" ऐसे ही आप जानेगे की यह परमेश्वर है कि नही है।

99 परमेश्वर ने कहा, "मुसा लाठी को नीचे फेंको और यह सर्प में बदल जाएगी ।" उसने इसे किया। उसने कहा, "इसे उठा और यह वापस लाठी बन जाएगी ।" उसने इसे किया।

100 जब परमेश्वर इस अंतिम दिनों में एक सेवकाई की एक प्रतिज्ञा को करता है, वो इसे बिलकुल वैसे ही प्रमाणित करता है, जैसे उसने कहा वो इसे करेगा। तब तुम जान जाते हो कि तुम्हारे पास सही आवाज है । तुम सही बात को सुन रहे हो, क्योंकि यह वचन है, जो प्रमाणित किया गया है । समझे? ओह, कैसे... मुझे क्षमा करे, मैं... तो ठीक है।

101 मुसा ने अलग ही व्यवहार किया । देखना मुसा ने क्या ही एक—एक विचित्र बात को किया है । अब, हमेशा ही जब आप परमेश्वर की आवाज का अनुकरण करते है, आप दुनिया के लिए पागल होते है । अगले दिन, मुसा अपनी पत्नी के साथ था, एक खच्चर में बैठाकर और एक लड़का उसकी कमर पर था, या दक्षिण की ओर, "बच्चा" उसकी कमर पर था, और वे वहां पर थे । इस बूढ़े व्यक्ति की दाढ़ी *इस* तरह से लटक रही थी, और उसका गंजा सर चमक रहा था, उसके हाथो में एक लाठी, एक छोटे से गधे को लेकर जा रहा था, और ठीक वहां मिस्त्र की ओर वो मुश्किल से आगे जा पा रहा था । किसी ने कहा, "मुसा, तुम कहाँ जा रहे हो? "

102 "मिस्त्र की ओर जा रहा हूँ, कब्ज़ा करने के लिए।" जिनसे वो एक जवान की नाई हार गया था, वो एक सैनिक की नाई हार गया था, लेकिन यहाँ वो कब्जा करने के लिए जा रहा था । और उसने इसे किया । क्यों? उसने परमेश्वर की आवाज को सुना था और उसके दिन के लिए इसे प्रमाणित होते देखा था, क्योंकि वो बातें उसके दिन में होनी थी । उसने इसे देखा ।

103 पौलुस, एक स्वघोषित फरीसी, पूरी तरह से धर्मज्ञानी जितना वो हो सकता है वो था, लेकिन उसने एक दिन परमेश्वर की आवाज को सुना । उसने एक अग्नि के स्तम्भ को देखा, और वो जान गया, वहां कुछ तो अलग ही बात है ।इसने उसके जीवन को बदल दिया । कोई फर्क नही कितने फरिसीयो ने, कितने गलीलीयो ने या जो कोई भी पौलुस को चिल्ला सकते

है, “तुम गलत हो, तुम गलत हो,” पौलुस ने परमेश्वर की आवाज को सुना था, वो जान गया, यह सच्चाई थी ।

104 पतरस, जितना वह धर्मी हो सकता है, वो था, प्राचीनो के रीत रिवाजो का पालन करना, उसने कोई मांस नही खाया था । नही श्रीमान । उसका इन सब बातों के बारे में, कोई लेना देना नही है । वो वास्तव में ठीक हर शब्द का पालन प्राचीनो के रीत रिवाजो पर कर रहा था। क्या हुआ? एक दिन उसने परमेश्वर की आवाज को सुना, “उसे अशुद्ध और अपवित्र मत कहो, जब मैं शुद्ध करता हूँ।” वो एक बदला हुआ व्यक्ति था। वो कही भी जाने को तैयार था, जहाँ प्रभु ने उसे भेजा ।

105 समाप्त करते, मैं यह कह सकता हूँ । एक समय एक मनुष्य था, जो एक विश्वासी था । वो चार दिनों से मरा हुआ था । वो कब्र में था, बदबू आ रही थी, सड़ गया था, लेकिन उसने परमेश्वर की आवाज को बोलते सुना, “लाजरस, बाहर आ!” और यदि इसने एक मनुष्य को मरने और सड़ने के बाद बाहर लाया, उसे एक कलीसिया के साथ क्या करना चाहिए, जिसमे अभी भी जीवन है? इसे उन्हें जिलाना चाहिये, इन सारी आवाजो के गड़बड़ी में से, जिसके बारे में हमने बात की है, धार्मिक, राजनीतिज्ञ, हॉलीवुड, सारी झूठी भविष्वाणीयां और वे बातें जो बाहर आती है । इन सब बातों के बीच में, वो सच्ची परमेश्वर की आवाज, मनुष्य को फिर से जीवन के लिए बुलाएगी, जो पाप और अपराधो में मर गया है । निश्चय ही!

106 याद रखना, मैं समाप्त करते हुए इसे कहता हूँ, और फिर मैं समाप्त करूँगा। येशु ने कहा, “वो समय आयेगा, जब वे सारे जो कब्र में थे परमेश्वर की आवाज को सुनेगे।” और आप इसे सुनने जा रहे है । इससे कोई फर्क नही पड़ता आप कौन सी परिस्थिती में है, फिर भी आप इसे सुनने जा रहे है। और उनमे से थोड़े जो कब्र से बाहर आते है, वे दोषी ठहराने के लिए आएंगे । वो आवाज को सुनते है, लेकिन यह दोष लगाती है। और यदि आप इसे आज सुनते है, “आज, लम्बे समय के बाद, जब तुम मेरी आवाज को सुनो, अपने हृदय को कठोर मत करो, जैसे तुमने कोप के दिनों में किया था।” और यदि तुम, पेंतेकोस्टल लोगो वापस सम्प्रदायों में, दुनियादारी में झुण्ड को बना रहे हो, “वे भक्ति का भेष तो धरते है, और उसकी शक्ति को इंकार करते है,” आप पुनरुत्थान में आने से पहले, आपको दोषी ठहराया

जाना है, क्योंकि परमेश्वर की आवाज जो अभी आपसे वचन में से होकर बात कर रही है, उस दिन आपको दोषी ठहराएगी ।

107 यदि आप एक ऐसे ही गुनगुने विश्वासी है, इस सुबह परमेश्वर की आवाज आपके हृदय में पुकार रही है, "तुम एक गुनगुने विश्वासी हो," अच्छा होगा तुम पश्चाताप करो!

108 तुम पुरुष, स्त्री, लडको और लड़कियों, यह मसीह के लिए जीना नही है, और परमेश्वर की आवाज उसके वचन में से होकर बोल रही है और कह रही है "इसे करना बंद करो," अच्छा होगा कि तुम इसे करो । क्योंकि तुम इसे एक दिन फिर से सुनोगे और यह तुम्हे दोषी ठहरायेगी । तुम इसका इंकार नही कर सकते, ये अभी आपसे बातें कर रही है । और, याद रखना, यह रिकार्ड हो गया है ।

109 और वे जो सही करते है और उसकी आवाज को सुनते है, वे धार्मिकता के लिए, महिमा के लिए, स्वर्ग के लिय उठेंगे ।

110 इसलिए आप किसी भी समय उसकी आवाज को सुनने जा रहे है । हो सकता है आज सुबह यह आपके हृदय में धीमी बोल रही हो, कि जिस पर तुम जा रहे हो, उस मार्ग से मुड जाना चाहिए, वापस परमेश्वर की ओर मुडो । अब, याद रखना, वे आपके हृदय में बोलती हुई आवाज को स्वर्ग में रिकॉर्ड करेंगे। और किसी दिन येशु पुकार करता है, और वे सारे जो कब्र में है, सारे, गलत और सही, वे उठेंगे । और फिर बिलकुल यही आवाज धीरे से वापस सीधा आपसे कहेंगी, "फ़ीनिक्स एरिज़ोना में एक *फलां* रविवार की सुबह, जब सेवक आवाज पर बोल रहा था, तुम्हे बहुत समय के लिए रोके रखा, मैंने तुमसे बातें की; स्त्रियो मैंने तुम्हे बताया, अपने बालो को बढने दो, भद्दे कपडे पहनना छोड़ दो; पुरूषों तुम्हे बताया कि झूठ बोलना, धूम्रपान करना छोड़ दो; तुम प्रचारक परमेश्वर के वचन की ओर वापस मुडो।" मेरा क्या मतलब है समझे? यह सही है ।

वो धीमी आवाज कहती है, "यह ठीक हो सकता है ।"

111 यदि मैं निकोदेमुस के जैसे आता था, मैं तब भी वहां जाने के लिए कोशिश करता था, और यहाँ कहीं तो रेगिस्तान में आकर और कहता, "प्रभु परमेश्वर, मैं यहाँ हूँ, मुझे अब बदल। अपने रूप में ढाल ।" वचन की ओर वापस आ जाओ । कहीं पर तो जहाँ तुम देखते हो, कि तुम वचन में से

बाहर आ रहे हो, ठीक वापस वही पर आ जाओ, क्योंकि एक जंजीर उसके खुद की कमजोर कड़ी पर अपने आप में मजबूत होती है। और आपके जीवन में कहीं भी अपने परमेश्वर की आज्ञा से दूर हो गए है, एक रिती रिवाज का कार्य करने पर, यहीं है जहाँ आपकी जंजीर टूट जाएगी, इससे कोई फर्क नही आप दूसरी बातों पर कितने स्थिर रहे है। परमेश्वर के ना बदलने वाले हाथो को थाम लो ।

112 आइये प्रार्थना करें। आज, बहुत ही लम्बे समय के बाद, प्रभु, आपने कहा की आप बोलेंगे, आप अपने नियमो को हृदयो की पटिया पर लिखेंगे । मैं नही जानता मेरे सामने क्या खड़ा होता है। मैं एक ही बात को करना जानता हूँ आपके वचन को लेना है और इसे हर कहीं फैलाना है, निश्चय ही यह कहीं तो कुछ चट्टानों के नीचे रखा होगा। मैं प्रार्थना करता हूँ परमेश्वर कि आप हर एक जवान लोगो से बात करेंगे, हर एक मध्य उम्र से, बूढ़े लोगो से, जो कोई भी होने दो । मेरे हृदय से बातें करें, प्रभु । इन सेवको के हृदयो से बातें करें । सामूहिक हृदय से बातें करें ।

113 हम प्रार्थना करते है पिता, कि आज हम आपकी आवाज को सुनेगे। और हम जानते है जैसे यह शमूएल के दिनों में हुआ था, एक खुला दर्शन बहुत ही दुर्लभ बात है, और इसने लोगो को चौका दिया । हमारे पास स्वप्न और स्वप्न देखने वाले है, हमारे पास प्रचारक और अनुवादक है, लेकिन एक खुला दर्शन प्रभु के वचन के साथ आगे आता है, और सुधारता है... हम प्रार्थना करते है स्वर्गीय पिता, कि वो आवाज जो जंगल में पुकार रही थी, “प्रभु के लिए मार्ग को तैयार करो,” जिसे हम विश्वास करते है कि पवित्र आत्मा आज उस आवाज को फिर से दे रहा है, “प्रभु के आगमन के लिए तैयार हो जाओ!” और यह कैसी अनोखी है, क्योंकि वहां बहुत सी आवाज़े है जो इसे सुन्न कर देती है और इसे बाहर करती है, लेकिन यह उन सुननेवाले के कानो के लिए अनुग्रह से भरी है। मैं प्रार्थना करता हूँ कि अब पवित्र आत्मा हम सबके हृदयो में कार्य करे।

114 और जब हमने अपने सरो को झुकाया है, और मैं भरोसा करता हूँ, हमारे हृदय झुके हुए है। यदि आप जानते है की आपने कहीं तो अपने जीवन में आज्ञा में नहीं रहे है, जानते है, कही वचन में, जिसे आप जानते है यही बाइबल की शिक्षा है, जिसके साथ आपने सहयोग नही किया है, क्योंकि कुछ तो हॉलीवुड की आवाज ने आपको कुछ तो अलग ही करवाया

है । कुछ स्थान पर आप सेवको ने एक स्थान को बाइबल में पाया है, जो असल में सत्य है, लेकिन आप जानते है यदि आप इसे सिखाते है, तो आपकी संस्था आपको बाहर कर देगी, और आप जानते है यही बिलकुल सत्य है। लोगो आपके लिए, जो गलत बात को लेते है, गलत जीवन को जीते है । तुम पिताओ और माताओ जो अपने बच्चो को सुधारने की कोशिश नही करते, उन्हें बड़ा करने की कोशिश नही करते । आप अपनी तरफ से पूरी कोशिश करते होंगे, लेकिन वे फिर भी सीधे दुनियादारी में चलते जाते है, लेकिन आप उनके सामने उदाहरण को रख रहे है। और यदि आप इसे नही करते है, तो परमेश्वर की आवाज आपसे बात कर रही है। "ऐसा मत करो ।"

115 और अब अपने सरो को झुकाने और सारे आँखों को बंद करने के साथ, और होने पाए स्वर्ग का परमेश्वर नीचे उस व्यक्ति के हृदय के अन्दर देखे, जो भूखा है और उस स्थान को ढूँढता है जहाँ पर वो गलत है। और परमेश्वर के लिए एक हाथ को उठाकर कह रहा हो, "प्रभु, मेरी इच्छा सचमुच आपके आवाज के लिए है ताकि मेरे सारे अविश्वास को निकाले, और उन बातों को जो आपके जैसी नही है, और मुझे वो बनाइए, जो आपको मुझे बनाना है ।" क्या आप अपने हाथो को उठाएंगे । जब आप... प्रभु आशीष दे । परमेश्वर आपको आशीष दे ।

116 तब बाइबल ने कहा, येशु ने कहा, और इन सारी दूसरी आवाजो के बावजूद, "फिर भी यदि एक मनुष्य मेरी आवाज को सुनता है ।" उसके पीछे चलो, आपको आपकी इच्छा मिल जाएगी।

117 प्रभु, समय निकल रहा है । लेकिन बाइबल ने कहा, "जितनो ने विश्वास किया, बप्तिस्मा लिया।" मैं प्रार्थना करता हूँ स्वर्गीय पिता, कि हर एक जन जिन्होंने सच्चे स्वीकृत में अपने हाथो को उठाया है, वो परमेश्वर का वचन जिसे उन्होंने पढ़ा है, और यह देखा है कि वे गलत थे । मैंने उनमें से कभी आधे लोगो को भी नही देखा है । ये मेरे देखने के लिए नही है, यह आपके के लिए है की देखे, प्रभु । आप उस उठे हुए हाथ के पीछे, इरादे और उद्देश को जानते है । उन्हें, इसी समय से, उनके हृदय में के उद्देश को दे दिजिये, "आज के दिन से, आगे, मैं परमेश्वर के वचन को और परमेश्वर की आवाज को लूँगा और अनुकरण करूँगा, इससे कोई फर्क नही की मुल्य क्या है।" और जब वे जा रहे है, अपने मनो में सहन करें, कवी का वो

गीत, “येशु ने ही क्रूस को अकेला सहा है, और सारा संसार आजाद हो गया? नहीं, वहां हर एक के लिए एक क्रूस है; वहां मेरे लिए क्रूस है ।और इस पवित्र क्रूस को मैं सहुंगा, जब तक मुझे मृत्यु मुझे आजाद नहीं करती ।” फिर जब परमेश्वर की आवाज बोलती है, “मैं उसकी धार्मिकता में आगे बढ़ूँगा, क्योंकि मैंने उसकी आवाज का अनुकरण किया है, जो उसके वचन की आवाज है ।” अब मैं उन्हें आपको सोंपता हूँ, प्रभु, येशु मसीह के नाम में ।

118 अब जबकि हमने अपने सरो को झुकाया है, आप अपने अंगीकार और अपनी प्रतिज्ञा को ले रहे है । मैं यहाँ पर बैठे हुए उस छोटे लड़के पर अचम्भित हूँ, अपने सर को चारो ओर घुमा रहा है । और वहां कलीसिया के लिए एक आवाज है, “मैं प्रभु हूँ जो सारे रोगों से चंगा करता है ।” यही एक आवाज कलीसिया में है । और आप सब जिन्हें चंगाई की जरुरत है, और आप परमेश्वर के हर एक वचन के लिए पवित्र जीवन को जी रहे है, आप जो जानते है, सही क्या है और आपको चंगाई की जरुरत है, मैं सोचता हूँ यदि आप केवल अपने हाथ को ऊपर उठाये । अपने हाथ को ऊपर उठाये, “मुझे एक चंगाई की जरुरत है।” तो ठीक है।

119 अब, उस आवाज को अपने ह्रदय में रखे, “मैं प्रभु हूँ जो सारे रोगों से चंगा करता है ।” याद रखना, जब वचन बोला गया है, इसे पुरा होना है । येशु ने मरकुस 11:22 में कहा, “यदि तुम इस पहाड़ से कहो ‘हट जा’ और अपने ह्रदय में संदेह ना करे, लेकिन विश्वास करे कि जो तुमने कहा है वो पूरा हो जायेगा, जो तुमने कहा है तुम्हारे पास होगा।” अंगीकार

120 अब, हर एक जन हमारे अपने तरीके से, अब अपने सर को झुकाए, अपने अंगीकार को करे, “प्रभु, मैं आपके वचन को विश्वास करता हूँ, मैंने आपकी आवाज को मुझसे कहते हुए सुना है कि आप आज, कल, युगानुयुग एक से है ।” मैं नीचे जाकर और इस बच्चे पर हाथ रखूँगा, क्योंकि वो यह जानने के लिए बहुत ही छोटा है, कि इस सबके बारे मैं क्या है, बहुमुल्य लड़का, लगभग कद और उम्र लगभग मेरे छोटे बेटे जोसफ के जितनी है । और मैं आप सबसे चाहता हूँ, प्रार्थना करते रहे, प्रार्थना करते रहे, “प्रभु, मैं आपकी आवाज को सुनता हूँ। मैं विश्वास करता हूँ।”

121 स्वर्गीय पिता, हम इन श्रोताओं को आपके पास उनके शरीर के चंगाई के लिए लाते है । और, प्रभु यहाँ एक दीन छोटा बालक बैठा है, उसने सारे

सन्देश में मेरे ध्यान को आकर्षित किया है, उस छोटे से लड़के को पकडे हुए उन माता पिता को वहां पर बैठा देख रहा था । चिकित्सा विज्ञान से उस छोटे लड़के के लिए कोई आशा नही है । वहां एक परमेश्वर की आवाज है, जो हर बात के ऊपर सफलता पाती है। और जैसे ये कलीसिया एक साथ जुड़ गयी है ताकि हर एक आज्ञा को पूरा करे जिसे मैं जानता हूँ कि कैसे करना है, बाकी का आप करेंगे, पिता । मैं नीचे चलकर जाता हूँ और उस बच्चे पर हाथो को रखता हूँ।

122 पिता परमेश्वर, येशु मसीह के नाम में, मैं इसे दोषी ठहराता हूँ । परमेश्वर की सामर्थ हो, परमेश्वर की चंगाई... होने पाए अगले पांच मिनट में उसमें एक ऐसा बदलाव आ जाये । होने पाए आपकी महिमा के लिए, वे सब परमेश्वर के पास आ जाये ।

123 स्वर्गीय पिता, आपने प्रतिज्ञा को दिया है । मैं यही जानता हूँ, आपने प्रतिज्ञा को दिया है । इसे पूरा किया गया है, जैसे अपने कहा, "यदि तुम इसे कहो," और मैं हर एक बीमारी और पीडाओ के शैतान को कहता हूँ जिसने इन श्रोताओ को बांध रहा है, जो इन लोगो को बांध रहा है, हर एक अविश्वास की आत्मा, मैं कहता हूँ, "लोगो में से निकल जा, येशु मसीह के नाम से!" अब, हम जानते है ये लिखा है, और इसे कहा गया है, परमेश्वर के आदर और महिमा के लिए ऐसा हो जाये । और इसे येशु मसीह के नाम में मांगते है ।

124 अब, आप जो विश्वास कर सकते है और विश्वास करते है, कोई बात नही क्या होना है, नही होना है, बीज को वहां पर डाला गया है । वो छोटा सा कुछ तो आपके अंदर है, जो आवाज है । जो इस बच्चे के माता पिता है, कोई फर्क नहीं पड़ता इस बच्चे की क्या अवस्था है, आप विश्वास करे, परमेश्वर का बीज आपके ह्रदय के अन्दर डाला गया है, क्या वो लड़का ठीक हो जायेगा? वे बाकी लोग जो एक दुसरे के लिए प्रार्थना कर रहे है, क्या विश्वास करते है, परमेश्वर का बीज आपके ह्रदय के अन्दर डाला गया है, "मेरी बीमारी खत्म हो गयी है? " तब विश्वास की प्रार्थना ने आपके लिए प्रार्थना को कर दिया है, वहां उस काम को कर दिया है । और यदि शैतान कभी कोशिश करता है, आप ठीक वापस आकर कहते हो, "उस रविवार की सुबह में, उस स्पेनिश कलीसिया में खड़े होकर, विश्वास की प्रार्थना ने मेरे लिए प्रार्थना को किया है । और परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की है!" वो विश्वास

की प्रार्थना बिमारो को बचा लेगी और परमेश्वर उन्हें खड़ा करेगा। यह होने जा रहा है। क्या आप इसे विश्वास करते है? "आमीन" कहे [सभा कहती है, "आमीन।"—समा।] परमेश्वर आशीष दे। अब मैं सभा को वापस भाई रोस को दूंगा। मैं यहाँ भाई ज्वेल रोस को चाहता हूँ।

इन अंतिम दिनों में परमेश्वर की आवाज HIN63-0120M

(The Voice Of God In This Last Days)

यह सन्देश भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में 20 जनवरी, 1963 को अपोस्टोलिक चर्च, फोनिक्स, एरिज़ोना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया, जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है । इस हिंदी अनुवाद को वोईस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बाँटा गया है ।

HINDI

©2017 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org